**D**

**SL. No. : XX**

ಒಟ್ಟು ಪ್ರಶ್ನೆಗಳ ಸಂಖ್ಯೆ : 64 ]
Total No. of Questions : 64 ]

**CCE PR**
**UN-REVISED**

[ ಒಟ್ಟು ಮುದ್ರಿತ ಪುಟಗಳ ಸಂಖ್ಯೆ : 8
[ Total No. of Printed Pages : 8

**ಸಂಕೇತ ಸಂಖ್ಯೆ : 06-H**

**Code No. : 06-H**

यहाँ से काटिए

# ವಿಷಯ : ಪ್ರಥಮ ಭಾಷೆ — ಹಿಂದಿ

# Subject : First Language — HINDI

**( ಹಳೆ ಪಠ್ಯಕ್ರಮ / Old Syllabus )**

**( ಪುನರಾವರ್ತಿತ ಖಾಸಗಿ ಅಭ್ಯರ್ಥಿ / Private Repeater )**

ದಿನಾಂಕ : 21. 03. 2019 ]
ಸಮಯ : ಬೆಳಿಗ್ಗೆ 9-30 ರಿಂದ ಮಧ್ಯಾಹ್ನ 12-45 ರವರೆಗೆ ]
ಗರಿಷ್ಠ ಅಂಕಗಳು : 125 ]

[ Date : 21. 03. 2019
[ Time : 9-30 A.M. to 12-45 P.M.
[ Max. Marks : 125

**TEAR HERE TO OPEN THE QUESTION PAPER**
**प्रश्नपत्र को खोलने के लिए यहाँ फाड़ें**

***परीक्षार्थियों के लिए सामान्य सूचनाएँ :***

1. इस प्रश्नपत्र में वस्तुनिष्ठ एवं गैर-वस्तुनिष्ठ प्रकार के कुल 64 प्रश्न हैं ।

2. यह प्रश्नपत्र रिवर्स जैकेट द्वारा सील किया हुआ है । परीक्षा प्रारंभ होने के समय आप प्रश्नपत्र के दाएँ भाग का काटकर खोलें तथा जाँच करें कि सभी पृष्ठ अक्षुण्ण हैं ।

3. सभी वस्तुनिष्ठ तथा गैर-वस्तुनिष्ठ प्रकार के प्रश्नों के लिए दिए गए निर्देशों का पालन करें ।

4. प्रश्नों के निर्धारित अंक उसके दाहिनी ओर हाशिये में दिए गए हैं ।

5. प्रश्नों के उत्तर देने के लिए अधिकतम समय इस पृष्ठ के ऊपर में दिया गया है जिसमें प्रश्नपत्र पढ़ने का 15 मिनट भी शामिल है ।



**Tear here**

## विभाग "A"

### ( गद्य, पद्य, पूरक वाचन )

I. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर **एक-एक** पूर्ण वाक्य में लिखिए : 16 × 1 = 16

1. सदाचार और भ्रष्टाचार कहाँ होते हैं ?
2. गाँधीजी को दक्षिण अफ्रिका क्यों जाना पड़ा ?
3. लाला झाऊलाल ने किसे अपनी विपदा सुनाई ?
4. लाला झाऊलाल का जी क्यों सनसनाया ?
5. आलूर वेंकटराव जी को कर्नाटक कुलपुरोहित क्यों कहा जाता है ?
6. जगत को तीन पग से किसने छोटा किया ?
7. राणा ने मीरा के लिए क्या भेजा ?
8. कविता में कवि हरियाली किससे माँगते हैं ?
9. टाइम टेबल बनाने में क्या समस्या हुई ?
10. आज का युग वैज्ञानिक युग क्यों कहलाता है ?
11. सहारनपुर से देहली की यात्रा में यात्रियों में किस बात की बहस छिड़ी थी ?
12. नेटाल इंडियन कांग्रेस की स्थापना किसने की ?
13. समाज में विकलांग बच्चों की दशा कैसी होती है ?
14. 'नारी' पाठ के अनुसार परिवार रूपी रथ के दो पहिये कौन हैं ?
15. पंचवटी कुटिया की रक्षा कौन करता है ?
16. 'आओ नवनिर्माण करें' कविता में कवि किस चौखट को तोड़ना चाहता है ?

II. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर **दा** या **तीन** वाक्यों में लिखिए : 16 × 2 = 32

17. पाठ में रुपये की झनझनाहट का वर्णन कैसे किया गया है ?
18. चंपारन की समस्या क्या थी ?
19. बच्चे चोरी क्यों करते हैं ?
20. मनु ऋषि ने नारी के बारे में क्या कहा है ?
21. पंचवटी कविता में सुन्दर चंद्रमा की किरणें कहाँ-कहाँ पर बिछी हुई हैं ?
22. जग का नव निर्माण किस प्रकार करें ?
23. पिछड़ा आदमी अलग बैठकर क्या करता था ?
24. बड़े भाई साहब के पढ़ने का तरीका क्या था ?
25. विज्ञान ने मानव जीवन को सुविधाजनक बनाया है । कैसे ?

26. तावीज़ के गुण कौन से थे ?
27. काठियावाड़ तथा भारत की जनता गाँधीजी की ओर क्यों आकृष्ट हुई ?
28. 'कन्नड क्लब' के बारे में आप क्या जानते हैं ?
29. वृंद ने आँख और आइना की तुलना क्यों की है ?
30. केवट ने राम से कुछ लेने से क्यों इनकार किया ?
31. कवि इकबाल के अनुसार मजहब आपस में बैर नहीं सिखाता । कैसे ? स्पष्ट कीजिए ।
32. यात्रा में जो वाद-विवाद हुआ वह फालतू थे । कैसे ?

III. निम्नलिखित वाक्यों की संदर्भ सहित व्याख्या कीजिए : $6 \times 3 = 18$

33. "मैं लड़कों के लड़कपन का खिलौना हूँ
मिठाई हूँ"
   i) पाठ का नाम :
   ii) लेखक का नाम :
   iii) किसने, किससे कहा :
   iv) व्याख्या :

34. "पर जहाँगीरी अण्डा है क्या ?"
   i) पाठ का नाम :
   ii) लेखक का नाम :
   iii) किसने, किससे कहा :
   iv) व्याख्या :

35. घायल की गति घायल जाणै की जिण लाई होय
जौहरी की गति जौहरी जाणै की जिण जौहर होय ।
   i) कविता का नाम :
   ii) कवि का नाम :
   iii) किसने, किससे कहा :
   iv) व्याख्या :

36. गोदी में खेलती हैं इसकी हजारों नदियाँ
गुलशन है जिनके दम से रशके जिनाँ हमारा ।
   i) कविता का नाम :
   ii) कवि का नाम :
   iii) किसने, किससे कहा :
   iv) व्याख्या :

37. "तुम्हारी सत्यप्रियता अधिकांश दिल्ली में प्रसिद्ध है" ।
   i) पाठ का नाम :
   ii) लेखक का नाम :
   iii) किसने, किससे कहा :
   iv) व्याख्या :

38. इतने तुम धनी हो,
   तो मुझे थोड़ा प्यार दोगे उधार, जिसे मैं
   सौगुने सूद के साथ लौटाऊँगा ।
   i) कविता का नाम :
   ii) कवि का नाम :
   iii) किसने, किससे कहा :
   iv) व्याख्या :

IV. निम्नलिखित लेखक / कवि का परिचय दीजिए : $2 \times 3 = 6$

39. हरिशंकर परसाई
   i) जन्म स्थान / काल :
   ii) कृतिया :
   iii) अन्य जानकारियाँ :

40. तुलसीदास
   i) जन्म स्थान / काल :
   ii) कृतियाँ :
   iii) अन्य जानकारियाँ :

V. निम्नलिखित पद्य भाग पूर्ण कीजिए : 4

41. राग ..........................................................................................

..........................................................................................

..........................................................................................

.................................................................................... अपनी चाल ।

**अथवा**

आसरा ..........................................................................................

..........................................................................................

..........................................................................................

.......................................................................................... में राग ।

VI. निम्नलिखित दोहे का भावार्थ अपने शब्दों में लिखिए : 4

42. ज्यों तिल माँही तेल है, ज्यों चकमक में आगि ।
तेरा साई तुज्झ में, जागि सकें तो जागि ।।

**अथवा**

जपमाला छापै तिलक, सरै न एकौ कामु ।
मन कांचै नाचै वृथा, सांचै रांचै राम ।।

VII. निम्नलिखित प्रत्येक प्रश्न के उत्तर **आठ-दस** वाक्यों में लिखिए : 3 × 4 = 12

43. कर्नाटक एकीकरण के लिए वेंकराव जी का योगदान अविस्मरणीय है । कैसे ? स्पष्ट कीजिए ।

**अथवा**

वेंकटराव के जीवन में नया मोड़ कैसे आया ?

44. पुरुषोत्तम के चरित्र पर प्रकाश डालिए ।

**अथवा**

सेठ गोविंददासजी की राय में सच्चा धर्म क्या है ? स्पष्ट कीजिए ।

45. गोपिकाएँ कृष्ण के प्रति अपनी विरह-वदना किस प्रकार करती हैं ?

**अथवा**

माखन चोरी करते हुए पकड़े जाने पर श्रीकृष्ण अपनी प्रतिक्रिया किस प्रकार व्यक्त करते हैं ? विवरण दीजिए ।

## विभाग "B"
## ( व्याकरण, अलंकार, छन्द )

VIII. निम्नलिखित प्रश्नों के लिए **चार-चार** विकल्प दिये गये हैं। सही विकल्प को चुनकर क्रमाक्षर सहित पूर्ण रूप से लिखिए : 10 × 1 = 10

46. 'सोना' शब्द का द्वितीय प्रेरणार्थक क्रिया रूप है —

(A) सेना (B) सोना

(C) सुलाना (D) सुलवाना ।

47. 'नौका' शब्द का बहुवचन रूप है —

(A) नाविक (B) नाक

(C) नौकाएँ (D) नाँव ।

48. 'पुत्र' शब्द का अन्य लिंग रूप है —

(A) पुत्री (B) सुत

(C) पौत्र (D) पिता ।

49. 'मकान' शब्द का समानार्थक शब्द है —

(A) ग्रह (B) गृह

(C) मकाम (D) मौका ।

50. 'वीर' शब्द का भाववाचक संज्ञा रूप है —

(A) वीरता (B) शूर

(C) कायर (D) साहस ।

51. 'उचित' शब्द का विलोम शब्द है —

(A) बेउचित (B) अउचित

(C) अनुचित (D) औचित्य ।

52. <u>अच्छा</u> खाते थे, <u>अच्छा</u> पहनते थे । रेखांकित शब्द व्याकरण की दृष्टि में है —

(A) क्रिया (B) क्रिया विशेषण

(C) संज्ञा (D) सर्वनाम ।

53. भारत बहुधर्मीय देश है । इस वाक्य में प्रयुक्त वाक्य प्रकार है —

(A) सरल (B) मिश्र

(C) संयुक्त (D) प्रश्नवाचक ।

54. गीता गाना गा रही है । इस वाक्य में क्रिया का काल पहचानिए :

(A) भूतकाल (B) वर्तमान काल

(C) भविष्यत काल (D) आसन्न भूतकाल ।

55. निम्नलिखित में से सही विग्रह है —

(A) दे + लय (B) देव + य

(C) देवल + य (D) देव + आलय ।

IX. प्रथम दो शब्दों से सूचित संबंधों के अनुरूप तीसरे शब्द से संबंधित शब्द लिखिए : $4 \times 1 = 4$

56. इत्यादि : यण् संधि :: पुरुषोत्तम : ........................................ ।

57. परिपूर्ण : उपसर्ग :: गरमाहट : ................................... ।

58. गुण-दोष : द्वन्द्व समास :: पंचवटी : ................................ ।

59. गीत गानेवाला : गायक :: उपन्यास लिखने वाला : ............................ ।

X. मात्राएँ लगाकर छन्द का लक्षण लिखिए : 3

60. जो गरीब सो हित करै, धनी रहीम वे लोग ।

XI. अलंकार पहचानकर समझाइए : 3

61. 'तरनी तनुजा तट तमाल'

## विभाग "C"
## ( वाक्य, पत्र लेखन, निबंध )
## रचना

XII. अर्थ लिखकर वाक्य में प्रयोग कीजिए : $2 \times 1\frac{1}{2} = 3$

62. (a) ओझल हो जाना —

अर्थ :

प्रयोग :

(b) तिलमिला उठना —

अर्थ :

प्रयोग :

XIII. 63. निम्नलिखित में से किसी **एक** विषय पर पत्र लिखिए : 5

अपने भाई की शादी का कारण देते हुए कक्षाध्यापिका को छुट्टी पत्र लिखिए ।

**अथवा**

अपने दोस्त को अपने जन्म दिवस समारोह में आमंत्रित करते हुए पत्र लिखिए ।

XIV. निम्नलिखित में से किसी एक विषय के बारे में **बारह-पन्द्रह** वाक्यों में निबंध लिखिए : $1 \times 5 = 5$

64. i) राष्ट्रीय त्योहार

ii) आधुनिक विज्ञान

iii) पर्यावरण प्रदूषण ।